-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 16.05.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक

❖ **पुलिस लाइन बांदा में चल रही 04 दिवसीय अन्तर्जनपदीय प्रयागराज जोन पुरुष/महिला वर्ग के बैटमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता हुआ समापन। श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर किया गया पुरस्कृत।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में दिनांक 13.05.2025 से पुलिस लाइन बांदा में चल रही 04 दिवसीय प्रयागराज जोन की पुरुष/महिला वर्ग के बैंटमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आज दिनांक 16.05.2025 को समापन हो गया। प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन की सभी आठ टीमों- बांदा, महोबा, चित्रकूट, कौशाम्बी, हमीरपुर, फतेहपुर, प्रयागराज एवं प्रतापगढ़ ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों द्वारा पूरे मनोयोग एवं खेलभावना का प्रदर्शन करते हुए अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। आज समापन समारोह में श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन डॉ0 संजीव गुप्ता द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 मौजूद रहे। पुरुष वर्ग के बैटमिन्टन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रयागराज टीम तथा महिला टेबल टेनिस में प्रयागराज एवं महिला बैडमिन्टन प्रतियोगिता में फतेहपुर टीम विजेता रही। सर्वश्रेष्ठ बैटमिन्टन महिला खिलाड़ी ममता शर्मा फतेहपुर, सर्वश्रेष्ठ बैटमिन्टन पुरुष खिलाड़ी आलोक मिश्रा प्रयागराज, सर्वश्रेष्ठ टेबल टेनिस महिला खिलाड़ी रानी सिंह कौशाम्बी तथा सर्वश्रेष्ठ टेबल टेनिस पुरुष खिलाड़ी अनुराग प्रयागराज रहे। समापन समारोह में श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ने पूरे उत्साह एवं खेलभावना के साथ बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते पर खिलाड़ियों तथा कोच स्टाफ को धन्यवाद दिया। उन्होने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल में पुरस्कार जीतना महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि पूरे मनोयोग से खेलों में प्रतिभाग करना महत्वपूर्ण है। समापन के अन्त में पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन व श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा को स्मृति चिन्ह भेट किया गया।